कर दे वारे न्यारे | by Iti Verma

सारी दुनिया छोड़ के आई तेरे द्वारे
सांवरे हमारे करदे वारे न्यारे
सारी दुनिया छोड़ के...........

हम नाम के दीवाने तेरी मस्ती में रहते हैं
सुबह शाम श्याम श्याम बस यही कहते हैं
रहा ना कोई काम रे
ये जीवन तेरे नाम रे
सारी दुनिया छोड़ के...........

मैंने सुना है तू तो हारे का सहारा है
हारे हुए को जिताना काम तुम्हारा है
कर दे नैया मेरी पार रे
बीच मझधार रे
सारी दुनिया छोड़ के...........

दिल से इति ने बाबा तुमको पुकारा है
तेरा ही तो नाम मेरे जीने का सहारा है
मैं कहती हूँ सरेआम रे
मेरा मालिक बाबा श्याम रे
सारी दुनिया छोड़ के...........

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%95%e0%a4%b0-%e0%a4%a6%e0%a5%87-%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%a8%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%b0%e0%a5%87-by-iti-verma/